EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips लॉगिन

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

बिजनेस न्यूज बिजनेस भारत राज्य दुनिया खेल लाइफस्टाइल धर्म मनोरंजन रियल एस्टेट लीगल हेल्थ More शहर

रुपया डायरी इनकम टैक्स फाइनेंशियल लिटरेसी रेलवे शेयर बाजार रिन्यूएबल एनर्जी फोटो विडियो ईटी की पाठशाला कमोडिटीज़

गूगल न्यूज़ में हमारे साथ जुड़ें NBT को सिलेक्ट कर

ट्रेंडिंग टॉपिक्स Anil Agarwal Vedanta UPI Payment Charge Dabur FSSAI Investment Tips ITR Refund Status

Hindi News / Business / Business News / Anil Agarwal Vedanta Demerger Real Estate Business Shareholders New Company

# Anil Agarwal Vedanta Demerger: अनिल अग्रवाल का बड़ा धमाका, फिर नई कंपनी बनाएगी वेदांता, 2200 एकड़ जमीन वाला रियल एस्टेट बिजनेस होगा अलग

Curated By: राजेश भारती | नवभारतटाइम्स.कॉम • 4 Aug 2026, 5:27 pm IST

Subscribe YouTube 12M

वेदांता रियल एस्टेट कारोबार को अलग कर नई कंपनी बनाएगी। शेयरधारकों को हर 20 शेयर पर एक नया शेयर मिलेगा। कंपनी BSE और NSE पर लिस्ट होगी, रिकॉर्ड डेट जल्द घोषित होगी।




वेदांता की एक और कंपनी का डिमर्जर।

Advertisement

आज का AQI नई दिल्ली
तापमान वायु गुणवत्ता
72 AQI
PM2.5 22 µg/m³
मॉडरेट
Powered By AQI

**नई दिल्ली:** मेटल और माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड (Vedanta Ltd) अपने बड़े पांच डीमर्जर के बाद अब एक और कारोबार को अलग करने जा रही है। अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली कंपनी ने अपने रियल एस्टेट बिजनेस को अलग कर वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स ( Vedanta Property Platforms )नाम की नई कंपनी बनाने का ऐलान किया है।

Advertisement

यह एक प्योर-प्ले रियल एस्टेट कंपनी होगी, जिसके शेयर बाद में शेयर बाजार में लिस्ट किए जाएंगे। रियल एस्टेट बिजनेस का डीमर्जर स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के तहत किया जाएगा। इसके लिए वैधानिक और नियामकीय मंजूरियां जरूरी होंगी।

YOU MAY LIKE

SPONSORED LINKS BY TABOOLA




Your health deserves more.

TATA AIG General Insurance Company Limited

आपके पसंद की स्टोरी

Anil Agarwal Vedanta: 'लड़का ठीक लगता है...', अनिल...

Vedanta Aluminium stock: 35% तक उछल सकता है अनिल अग्रवाल...

Anil Agarwal Vedanta Loan: अनिल अग्रवाल का बड़ा दांव, डिमर्जर के बा...

Gold Silver Price Today: सोना ₹1,50,000 के पार, चांदी भी उछली,...

रेकमेंडेड खबरें ›


Dabur FSSAI Action: डाबर को '100% शुद्ध' लिखना पड़ा भारी, FSSA...


E20 Petrol: E20 पेट्रोल में मिला खतरनाक क्लोराइड, SIAM ने दी इंजन खराब...


UPI Payment MDR Charge: UPI से पेमेंट पर लगेगा चार्ज? सरकार के न...


China Rare Earths: चीन के जिस 'गुप्त हथियार' से डरती थी दुनिया, उसका...


पाकिस्तान से दोस्ती निभाने वाले देश में iPhone 17


Anil Agarwal Vedanta: अनिल अग्रवाल को मिली बड़ी खुशखबरी, वेदांता एल्युमीनियम का मुनाफा तीन गुना बढ़ा, डिविडेंड का ऐलान

## शेयरधारकों को क्या मिलेगा?

Advertisement

- प्रस्तावित वर्टिकल स्प्लिट के तहत वेदांता के शेयरधारकों को कंपनी में रखे हर 20 शेयर के बदले नई कंपनी का 1 पूरी तरह पेड-अप इक्विटी शेयर मिलेगा।
- इस नई कंपनी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर अलग से लिस्ट कराया जाएगा।
- इसके लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा होना अभी बाकी है। केवल वही निवेशक पात्र होंगे जिनके पास रिकॉर्ड डेट के दिन वेदांत के शेयर उनके डिमैट खाते में मौजूद होंगे।

## पोर्टफोलियो में क्या-क्या शामिल?

- वेदांता का यह रियल एस्टेट कारोबार वर्तमान में इसके मुख्य धातु कारोबार के अंदर एकीकृत था। डीमर्जर के बाद कई संपत्तियां इसमें शामिल होंगी।
- लगभग 2200 एकड़ औद्योगिक भूमि और 55,000 वर्ग फुट की आवासीय व वाणिज्यिक संपत्तियां इसमें शामिल होंगी।
- भारत भर में 22 प्रमुख एसेट्स (फ्लैट, इमारतें, बंगले और भूखंड) जो महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक में फैले हुए हैं।
- वित्त वर्ष 2026 में इस डीमर्ज हो रही इकाई का परिचालन राजस्व 1.26 करोड़ रुपये रहा है।

## कितना समय लगेगा?

डीमर्जर के बाद वेदांता का कारोबार और ज्यादा केंद्रित हो जाएगा। इससे कंपनी का वैल्यूएशन समझना आसान हो सकता है और निवेशकों को अलग-अलग बिजनेस की स्वतंत्र वैल्यू देखने का मौका मिल सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक निवेशकों को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। डीमर्जर की प्रक्रिया में करीब दो साल का समय लग सकता है।

## शेयर का क्या हाल?

मंगलवार को वेदांता के शेयर में तेजी आई। बीएसई पर यह शेयर करीब 2 फीसदी की तेजी के साथ 270 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले यानी सोमवार को भी इसमें तेजी देखी गई थी। कंपनी का मौजूदा मार्केट कैप 1,05,580.48 करोड़ रुपये है।



लेखक के बारे में

**राजेश भारती**

राजेश भारती, नवभारत टाइम्स (डिजिटल) में असिस्टेंट न्यूज एडिटर हैं। वह जुलाई 2024 में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के नवभारत टाइम्स, डिजिटल विंग से जुड़े। राजेश भारती NBT डिजिटल में बिजनेस डेस्क पर कार्यरत हैं। वह कमोडिटी मार्केट, शेयर मार्केट, पर्सनल फाइनेंस, क्रिप्टोकरेंसी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। 16 साल ... और पढ़ें

लेटेस्ट कमेंट | सारे कमेंट्स पढ़ें (1) » कमेंट पोस्ट करें

1 day ago

Will vedanta can touch 350.00

YOU MAY LIKE PROMOTED LINKS BY TABOOLA

**Name your idea with the right domain**

Every great idea starts with the right name. Find a domain that fits your vision, secure it with GoDaddy, and take the first step toward building your brand online.

GoDaddy

**Time for Tokyo**

Book your flight now and enjoy Malaysian Hospitality on your way to Japan's vibrant culture and tantalising delicacies.

Malaysia Airlines Book Now